तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 21 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 दर्री जोन के साडा कालोनी में 3.5 एमबीए का लगा पावर ट्रांसफार्मर, आज होगा चार्ज



## खबर संक्षेप

### मोरगा, ढोंगदरहा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देषानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 21 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम पंचायत मोरगा और कोरबा के ग्राम ढोंगदरहा में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होगा।

### दर्री जोन में समाधान शिविर कल

**कोरबा।** नगर पालिक निगम केरबा द्वारा आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविर की अगली कड़ी में 22 मई को दर्री जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया जायेगा, इसी प्रकार निगम का अंतिम शिविर 25 मई को निगम के सर्वमंगलानगर जोन कार्यालय में आयोजित होगा। शिविर के दौरान नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद सत्येन्द्र दुबे, बद्रीकिरण, मंगल बंदे, तरूण राठौर, चंदा देवी, रजत खुंटे, निर्मल कुमार, हेमलता निर्मलकर, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त व शिविर के नोडल अधिकारी पवन वर्मा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, घनश्याम श्रीवास, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा, मोतीलाल बरेठ, संजय ठाकुर, अभय मिंज, अंजुलता तिग्गा, प्रमोद जगत, देवव्रत आदित्य आदि के साथ जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण व काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### 6वीं में प्रवेश हेतु 27 जून तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 26 जुलाई की दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु जिले के अभ्यर्थी/अभिभावक अपने क्षेत्र के प्राचार्य, प्रधानपाठक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर 27 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

### जनगणना का प्रचार-प्रसार करने चलेगी एलईडी वैन

**कोरबा।** जिला कोरबा में जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत जिले में 21 से 24 मई नुक्कड़ नाटक सह एलईडी वैन का संचालन किया जाएगा। जनगणना अधिकारी ओंकार यादव ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को जनगणना के प्रति जागरूक करना है. यह वैन जिले के विभिन्न निर्धारित रूटों से होकर गुजरेगी और सार्वजनिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे-हाट-बाजार, बड़ी ग्राम पंचायत सभाओं, मेलों, बड़े स्कूलों, प्रार्थना स्थलों तथा आयोजित सुशासन तिहार आदि स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों और डिजिटल माध्यम से लोगों को जानकारी देगी। प्रचार-प्रसार वाहन के सुचारू संचालन के लिए रूट और प्रभारी अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है. अभियान के पहले दिन, 21 मई को यह वैन तहसील पोड़ीउपरोड़ा, तहसील कटघोरा एवं नगर पालिका परिषद कटघोरा क्षेत्र में रहेगी। इसके बाद 22 मई को तहसील व नगर पंचायत पाली, तहसील हरदीबाजार, तहसील व नगर पालिका परिषद दीपका, तथा तहसील क्षेत्र में भ्रमण करेगा।

# जिले में दौड़ने लगे 22 अत्याधुनिक 112 वाहन, मिलेगी त्वरित मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़कों पर 22 अत्याधुनिक डायल 112 गाड़ी दौड़ने लगी हैं। आमजनता इमरजेंसी के समय इस वाहन का इस्तेमाल कर सकेंगे। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को एक साथ रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश के 33 जिलों के लिए नेक्स्ट जेन सीजी डायल -112 सेवा के अंतर्गत 400 से अधिक अत्याधुनिक वाहनों एवं 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को पहले हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। इसी कड़ी में जिले को 22 अत्याधुनिक डायल-112 वाहन प्राप्त हुए हैं, जिनका बुधवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के आला अफसर एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इन वाहनों को जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थापित किया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। ⏭ शेष पेज 3 पर

## सुरक्षा व्यवस्था और होगी पुख्ता

**खास बातें**

- उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने हरी झंडी दिखाकर डायल 112 वाहनों को किया रवाना



## डायल-112 एक्के नम्बर, सब्बो बर

प्रदेश में सड़क दुर्घटना, मेडिकल इमरजेंसी, महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा सहित विभिन्न आपात परिस्थितियों में अब नागरिकों को और अधिक त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी सहायता प्राप्त होगी। नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, वाट्सअप, चैटबॉट एवं एसओएस -112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इन वाहनों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ आमजन की सेवा हेतु चौबीस घंटे तत्पर रहेंगे।

## कोरबा विकासखंड में छात्रों की दर्ज संख्या सर्वाधिक

# नए शिक्षण सत्र के पहले जनशिक्षा केंद्रों में पहुंची स्कूल ड्रेस, किताबों के लिए करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए शिक्षण सत्र शुरु होने के पूर्व प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल के छात्रों के लिए ड्रेस और किताबों के वितरण की तैयारियां शुरु हो गई हैं। इस वर्ष ड्रेस की आपूर्ति मई महीने में ही शुरु हो गई। जनशिक्षा केंद्रों तक इसे पहुंचाया गया है। वहीं किताबों के लिए छात्रों को इंतजार करना पड़ेगा। किताबों की आपूर्ति जिले में नहीं हुई है।

शैक्षणिक कैलेंडर अनुसार 16 जून से शाला प्रवेशोत्सव के साथ नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हो जाती है। इस दौरान छात्रों की दी जाने वाली निःशुल्क किताबों व ड्रेस का वितरण भी शुरु हो जाता है। मई महीने में किताबें और ड्रेस की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में शिक्षा विभाग के द्वारा कराया जाता है। शिक्षण स्त्र 2026-27 की शुरुआत 16 जून से होगी। इसके पूर्व ड्रेस की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में शुरु हो गई है। अधिकांश जन शिक्षा केंद्रों में जन शिक्षा केंद्र प्रभारियों को ड्रेस वितरण की जिम्मेदारी दे दी गई है। प्रत्येक छात्रों को 2 जोड़ी ड्रेस का वितरण किया जाएगा। जिसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से छात्रों की दर्ज संख्या की रिपोर्ट मार्च महीने में ही भेज दी गई थी। दर्ज संख्या के अनुसार ही किताबों और ड्रेस का वितरण स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा कराया जाता है। ड्रेस की आपूर्ति तो समय में कर ली गई है किंतु किताबों की आपूर्ति अब तक शुरु नहीं हुई है इसके लिए शिक्षकों और छात्रों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। 16 जून के पूर्व सभी 84 जन शिक्षा केंद्रों में किताबों की आपूर्ति किया जाना संभव नहीं लगता है।

**खास बात**

- प्राथमिक व माध्यमिक शाला के छात्रों को किया जाता है वितरण



फाइल फोटो

### ड्रेस की सप्लाई की जा रही है

नए शिक्षण सत्र शुरु होने के पहले ड्रेस और किताबों की आपूर्ति सभी जन शिक्षा केंद्रों में कर दी जाएगी। ड्रेस की आपूर्ति का काम चल रहा है। जैसे ही किताबें जिले में पहुंचेंगी उनका भी वितरण शुरु कर दिया जाएगा।

-टी पी उपाध्याय, डीईओ

## निजी स्कूलों को भी मिलती हैं किताबें

राज्य शासन के द्वारा निःशुल्क किताबों का वितरण सरकारी स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों में भी कराई जाती है। जिले के शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर निजी स्कूलों की संख्या 3 सौ से अधिक है। विकासखंडवार दर्ज संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक छात्र कोरबा विकासखंड के स्कूलों में दर्ज है। शहरी और ग्रामीण अंचल मिलाकर प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में लगभग 30 हजार से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं।

## निजी स्कूल चलाते हैं अपना सिलेबस

सरकार के द्वारा निःशुल्क किताबों की सहायता दिए जाने के बाद भी सीजी बोर्ड से मान्यता लेकर चलने वाले निजी स्कूल कक्षा पहली से ही अपना सिलेबस भी चलाने लगते हैं जबकि राज्य शासन के द्वारा उन्हें भी निशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाती है उसके बावजूद निजी स्कूल प्रबंधन अपना सिलेबस चलाकर अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं।

# कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के इंजन के चक्के पटरी से उतरे



पटरी से उतरे मालगाड़ी के इंजन के पहिये।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा खदान के कमका साइडिंग में सोमवार मंगलवार दरमियानी रात कोयला लेकर भूपदेवपुर जा रही मालगाड़ी के पीछे लगे इंजन के चक्के पटरी से उतर जाने से लगभग 3 घंटे तक कोल परिवहन प्रभावित होने की जानकारी सामने आयी है। रात 10.15 बजे से हुई इस घटना के बाद रात 1 बजे तकनीकी विभाग की टीम के द्वारा इंजन के चक्कों को पटरी पर लाया जा सका तब जाकर कोल परिवहन बहाल हो सका।

कुसमुण्डा खदान के कमका साइडिंग से रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर के लिए कोयला लोड कर जाने वाली मालगाड़ी में पीछे की ओर लगे इंजन के चक्के कोयला लोडिंग के दौरान ही पटरी से उतर गए। जैसे ही यह जानकारी एसईसीएल और रेलवे के अधिकारियों को लगी मौके पर पहुंचे दोनों विभाग के अधिकारियों की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। रेलवे और एसईसीएल की तकनीकी विभाग की टीम लगभग 3 घंटे तक पटरी से उतरे इंजन के चक्कों को पटरी पर लाने का काम करती रही रात्रि लगभग 1 बजे स्थिति बहाल की जा सकी। इस मामले में बताया जाता है कि इंजन के लगभग 6 चक्के पटरी से उतर चुके थे। जिससे संतुलन बिगड़ गया था। एसईसीएल और रेलवे प्रबंधन इस घटना से किसी भी तरह की कोल परिवहन के प्रभावित होने की बात से इंकार कर रहा है।

# तहसील कार्यालय परिसर में की मारपीट, मचाया उत्पात



हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

तहसील कोर्ट में सुनवाई के दौरान दो पक्षों के बीच शुरू हुए विवाद में जमकर लाठी डंडा चला। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया और मारपीट की जिससे तहसील और सिविल कोर्ट परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में भी जमकर वायरल हुआ। अब मामले में तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है की वाड्रफनगर तहसीलदार गुरुदत्त पंचभाय के कोर्ट में 19 मई को पक्षकार आवेदक इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन के विरूद्ध अनावेदक रसीद आ. इलियास, अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज के प्रकरण की सुनवाई हो रही थी। सुनवाई के दौरान इसी दरम्यान अनावेदक पक्ष के पक्षकार एवं उनके साथ साक्ष्य हेतु उपस्थित गवाहों द्वारा दूसरे पक्ष के अधिवक्ता के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वाद विवाद एवं मारपीट करने लगे। इसके साथ ही कोर्ट रूम से बाहर तहसील एवं सिविल कोर्ट परिसर में दोनों पक्षों द्वारा आपस में मारपीट की गई जिससे परिसर में दहशत का माहौल निर्मित हुआ और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। तहसीलदार की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में ग्राम परसडीहा निवासी अफजल आ. इलियास, इलियास आ. इस्ताज, इलियासुद्दीन आ. जलालुद्दीन, अमरनाथ गहरवरिया आ. गंगाराम, इन्द्रास आ. स्व. इस्ताज, उदयनाथ गहरवरिया आ. त्रिवेणी, रामसकल वर्मा आ. जवाहिर, चन्द्रवली गहरवरिया आदि है।

# घंटों प्रदर्शन के बाद भी भू-विस्थापितों की पीड़ा सुनने नहीं पहुंचे अफसर



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अपनी जायज मांगों और अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के भू-विस्थापितों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा जब एक विशाल रैली और घंटों चले उग्र धरना-प्रदर्शन के बावजूद अफसर उनकी सुध लेने नहीं पहुंचे। एसडीएम के न पहुंचने पर प्रशासनिक प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार श्री केशकर ने आंदोलनकारियों के बीच पहुंचकर मोर्चा संभाला उन्होंने भू-विस्थापितों के सभी संवेदनशील और प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की काफी जद्दोजहद के बाद प्रशासन की ओर से एक लिखित आश्वासन दिया गया। जिसके अनुसार 29 मई को ग्राम चंद्रनगर में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी इस बैठक में एडिशनल कलेक्टर एसडीएम कटघोरा एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और प्रभावित ग्रामीण एक मेज पर बैठकर सभी समस्याओं का स्थाई निराकरण करेंगे इस ठोस आश्वासन के बाद भू-विस्थापितों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय ⏭ शेष पेज 3 पर

## शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई, मजबूरी में किया घेराव

16 से अधिक गांव के प्रभावित ग्रामीण अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीणों का आरोप है कि तहसील कार्यालय में रोजगार, मुआवजा, पुर्नवास, वंशवृक्ष, फौती, ऑनलाइन रिकार्ड सुधार और राजस्व त्रुटि सुधार कार्य महीनों से अटके पड़े हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि दीपका, दर्री, कटघोरा तहसील और जिला पुर्नवास शाखा में काम कराने के लिए रिश्वत की मांग की जाती है। ऐसा नहीं करने पर उनके मामले को लंबे समय तक लटका दिया जाता है। एसईसीएल ने जटाराज, पड़निया, सोनपुरी, पाली रिसदी, खोडरी, चुरैल, अमगांव, खैरभौना, जरहाजेल, गेवरा, बरपाली, दुरपा, भैसमाखार, मनगांव, बरमपुर, दुल्लापुर, बरकुटा सहित 16 से अधिक गांव की भूमि अधिग्रहित की है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई बार शिकायत की गई थी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। यही वजह है कि मजबूरी में उन्हें घेराव करना पड़ा। दरअसल एसईसीएल अधिग्रहित गांव में सरकारी या निजी जमीन पर घर बनाकर रहने वाले भूमिहीन परिवारों को बसाहट का अधिकार नहीं दे रहे हैं।

## शिविर में 499 आवेदन प्राप्त 189 का मौके पर निराकरण

# योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : नाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत करतला के ग्राम देवलापाठ में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कृषि, खाद्य, पंचायत विभाग द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि आमजनों तक योजनाओं का लाभ सीधे उनके गाँव में ही उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सम्पन्न हुए समाधान शिविर में प्राप्त आवेंदनो का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया है एवं गत वर्ष पीएम आवास, शौचालय, जॉब कार्ड जैसी मांगो से आमजनो को लाभान्वित किया गया है। इस वर्ष भी प्राप्त आवेंदनो का परीक्षण कर पात्र आवेदकों को पूरा लाभ दिया जाएगा। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना का लाभ लेकर बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने की बात कही। सीईओ श्री नाग ने बताया की शिविरों में प्राप्त आवेदनों का ⏭ शेष पेज 3 पर






## खबर संक्षेप

### पति की मौत के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी




**बिलासपुर।** पति की मौत के बाद पत्नी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, गोपालपुर निवासी रामनारायण केंवट की शादी चार साल पहले सुनीता बाई केंवट 23 साल से हुई थी। 17 मई को रामनारायण केंवट की टुल्लू पंप चालू करते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी गुमसुम रहने लगी। 19 मई की रात सुनीता बाई केंवट ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### खड़े ट्रक से 294 लीटर डीजल चोरी

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी निवासी संजय अग्रवाल बेवरेज ट्रासपोर्ट का काम करते हैं। उन्होंने अपने ट्रक क्रमांक सीजी 10 आर, 1066 में 18 मई को 294 लीटर डीजल भराया था। 19 मई को उनका ड्राइवर बेवरेज कारपोरेशन के गेट के सामने खड़ा किया और रात 11 बजे खाना खाकर सो गया। सुबह 6 बजे ड्राइवर उठा तो गाड़ी के टंकी का लाक टूटा हुआ था और 294 लीटर डीजल चोरी हो गई थी।

### पांच साल बाद पकड़ा गया वारंटी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने



मुखबिर की सूचना पर पांच साल से फरार रेलवे के फरार वारंटी को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में बिलासपुर रेल मंडल में रेल संपत्ति चोरी के मामले में धारा 3 (ए) आरपीयूपी एक्ट के तहत मामला कायम किया गया था। छानबीन करने के उपरांत आरोपी सिंधी कालोनी मधुकर गली कस्तूरबा नगर निवासी शशांक मार्टिन उर्फ शंकू पिता स्वर्गीय सुरेश 30 वर्ष को पकड़कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय से जमानत में बाहर आने के बाद उसने उपस्थिति देना बंद कर दिया, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ वारंट जारी कर आरपीएफ को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था। पांच साल के बाद मुखबिर की सूचना मिलने के बाद एसआईपीएफ मनीषा कुमारी मीणा, आरक्षक बी राय ने आरोपी के निवास पहुंचकर गिरफ्तार करने के उपरांत सूचना परिजन को दी। न्यायालय ने वारंटी शशांक मार्टिन को 1000 रुपए अर्थदंड से दंडित कर मामले का अंतिम निपटारा किया।

**सड़क पर 40 से अधिक बिजली के पोल**

**अभियान बिजली आफिस तक चला, गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे**

# भारी हंगामे और विरोध के बीच अशोकनगर में तोड़ीं गई 22 पक्की गुमटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अशोकनगर से बिरकोना मार्ग को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। हालांकि इस सड़क निर्माण में अभी कई बाधाएं हैं। मार्ग में बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट तक 16 छोटे और एक बड़ा मंदिर है जो मुख्य सड़क पर कब्जा करके बनाए गए हैं। साथ ही कुछ घर और गुमटियां भी अवैध कब्जे में है।

सड़क पर 40 से अधिक बिजली के पोल हैं। निगम की टीम ने बुधवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान जमकर हंगामा मचाया गया। भारी विरोध के बीच निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया। इन गुमटियों के नीचे सीमेंट का निर्माण कर लिया गया था। यह अभियान अशोकनगर चौक से बिजली आफिस तक चला। गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे। गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जा रहा है।



### नाली को तिरछा और टेढा मेढ़ा बनाने का आरोप

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। प्रस्तावित गौरव पथ के नाम पर शुरू हुआ नाली निर्माण फिलहाल जनता के लिए मुसीबत बन गया है। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाए। साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। फिलहाल जो नाली बन रही है उसमें भी कुछ चहेते लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। नाली सीधी बननी है लेकिन उसे जगह-जगह से मोड़ दिया गया है।

### की गई है कार्रवाई

निगम की टीम ने बुधवार को कब्जा हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान भारी विरोध के बीच निगम की टीम ने 22 पक्की गुमटियों को तोड़ दिया है। इन गुमटियों के नीचे सीमेंट का निर्माण कर लिया गया था। यह अभियान अशोकनगर चौक से बिजली आफिस तक चला। गुरुवार को इसके आगे के कब्जे हटाए जाएंगे।

- श्रीमती पूजा विधानी
महापौर

**मेलापारा पानी टंकी से बुधवार की सुबह पानी सप्लाई ठीक से नहीं हो सकी**

# सरंकडा में पानी के लिए फिर हाहाकार, मंगला में दूषित पानी से महिलाएं-बच्चे हुए बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ जहां पिछले एक सप्ताह से सरकंडा में पीने के पानी के लिए हाहाकार मचा है तो अब मंगला में गंदे और दूषित पानी की सप्लाई से लोग बीमार पड़ रहे हैं। कई लोगों को पीलिया की शिकायत भी हुई है और अस्पताल तक ले जाना पड़ा है। सरकंडा में एक दिन पहले जहां व्यवस्था ठीक की गई तो बुधवार की सुबह पानी सप्लाई बंद हो गई। इससे लोग परेशान हो गए। इस भीषण गर्मी में टैंकर भी 12 बजे के बाद पहुंचा। इस दौरान पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला ने वार्ड में ही चल रहे एक निजी निर्माण के दौरान हुए बोर से लोगों को पानी उपलब्ध कराया। लोग बाल्टी और दूसरे बर्तनों में पैदल पानी ले जाते दिखाई दिए।

- **लोग बाल्टी और दूसरे बर्तनों में पैदल पानी ले जाते दिखाई दिए, टैंकर भी भेजा गया**

गौरतलब है कि सरकंडा में एक सप्ताह से पानी की समस्या है। गंदे पानी के साथ ही पानी सप्लाई नहीं की परेशानी है। नगर निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र की पाइप लाइन को खाली करते हुए सफाई की। साथ ही अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई थी। इस दौरान एक एक-घर का सर्वे करते हुए पानी का सैंपल लिया गया। दावा किया गया कि अब पानी सप्लाई शुचारू रूप से रहेगी। बुधवार की सुबह लेकिन हाहाकार मच गया। अशोकनगर से लाइन काट दी गई थी और मेलापारा से सप्लाई की ही नहीं गई। इससे भोजन बनाने से लेकर नहाने और दूसरे कामों पर असर पड़ा। पार्षद की ओर से इस बारे में निगम में शिकायत की गई को टैंकर भेजने के साथ ही मरम्मत कार्य शुरू किया गया।






### बदली गई पाइप लाइन

सुधार कार्य के दौरान नगरोत्थान योजना अंन्तर्गत प्रगतिरत कार्य अशोक नगर चौक से बिरकोना रोड से विस्तारित पाइप लाईन से कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र का जलप्रदाय काट दिया गया है एवं वैकल्पिक रूप से मेलापारा क्षेत्र के पाईप लाईन से जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही कपिल नगर क्षेत्र के पाइप लाइन का स्कावरिंग एवं पाईप लाइन क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है। निगम के मुताबिक क्षेत्र के जल प्रदाय पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिको के साथ मिलकर लगातार संयुक्त निगरानी की जा रही है। पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला के मुताबिक शकुंतला हाइट्स के पास से 20 फिट पाइपलाइन बदला गया है। इससे फिलहाल तो साफ पानी आ रहा है।

### नाली और सड़क निर्माण के कारण परेशानी

निगम के मुताबिक कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत पर जोन क्रमांक 08 के जल प्रदाय शाखा एवं मुख्य कार्यालय के जल विभाग के संयुक्त टीम द्वारा वार्ड पार्षद एवं नागरिको की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि नगरोत्थान योजनान्तर्गत अशोक नगर से बिरकोना मार्ग पर निर्माणाधीन मार्ग एवं नाला निर्माण के खुदाई कार्य के दौरान कपिलनगर सरकण्डा क्षेत्र हेतु विस्तारित डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके बाद सुधार कार्य शुरू किया गया। कपिल नगर क्षेत्र के घरेलू नल संयोजन की जांच की गई। साथ ही 3 घरेलू कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इस क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले जल के सेम्पल लिए गए है, एवं परीक्षण हेतु भेजे गए है।

### मंगला क्षेत्र में फैल रहा पीलिया, ध्यान नहीं

मंगला क्षेत्र में भी गंदे पानी की शिकायत की जा रही है। इस क्षेत्र कई स्लम बस्तियां हैं। इन बस्तियों में पेयजल की आपूर्ति के लिए कई साल पहले पाइप लाइन को नालियों के भीतर से गुजारा गया है। नालियों से गुजरे पाइप में नालियों का गंदा पानी भर जाता है। पानी की आपूर्ति के दौरान वह पानी लोगों के घरों तक पानी पहुंचता है और इसी पानी का लोग सेवन भी करते है। इसी गंदा पानी पीने की वजह से हर साल शहर पीलिया, डायरिया और कई जलजनित बीमारियां होती हैं। इस साल भी लोग बीमार पड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन का ध्यान नहीं है। वार्ड पार्षद रमेश पटेल का कहना है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर पाइप लाइन काटकर बीच से अपने घरों में जोड़ लिया है। इससे समस्या बढ़ी है। इसे ठीक किया जा रहा है।

### व्यवस्था अब ठीक है

अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई है। लोगों को पहले ही बता दिया गया था कि सुबह 6 से 7.30 तक और शाम को 5.15 से 6.45 बजे तक टंकी से पानी दिया जाएगा। वार्डवासियों ने ध्यान नहीं दिया इसलिए परेशानी हुई। जहां भी शिकायत थी वहां पाइल लाइन बदल दी गई है। व्यवस्था अब ठीक है।

- **अनुपम तिवारी**, प्रभारी
जल शाखा

# मस्तूरी के दो आरक्षकों ने मंथली लेकर शराब बचने की दी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोगों की शिकायत पर मस्तूरी पुलिस ने क्षेत्र के एक कोचिए को अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। आरोपी कोचिए ने थाने के दो आरक्षकों पर मंथली पैसा लेकर शराब बेचने छूट देने का आरोप लगा दिया है। टीआई ने दोनों आरक्षकों के खिलाफ रोजनामचा में रिपोर्ट डाली है। बहरहाल अब तक दोनों पर कार्रवाई नहीं हुई है।

- **कोचिए ने पुलिस विभाग के आरक्षकों पर लगाया आरोप**

15 मई को ग्राम कुडूभाठा के ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से गांव में एक कोचिया के द्वारा अवैध शराब बेचने की शिकायत की। अधिकारियों के निर्देश पर मस्तूरी टीआई कृष्णचंद सिदार ने स्टाफ के साथ गांव में दबिश देकर कोचिया राजेश यादव को पकड़कर उसके पास से 51 पाव देशी शराब बरामद किया। पूछताछ में कोचिया ने मस्तूरी थाना के आरक्षक अरविंद कुर्रे, रोहित पाटले पर मंथली पैसा लेकर अवैध शराब बेचने की छूट देने की बात कही। टीआई श्री सिदार ने दोनों आरक्षकों के खिलाफ पैसा लेकर अवैध शराब बिकवाने की रोजनामचा में रिपोर्ट डाली है। कोचिया को अवैध शराब बेचने की छूट देने वाले आरक्षकों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञात हो कि पूर्व में मस्तूरी थाना के तीन पुलिसकर्मी दर्रीघाट के एक ढाबा संचालक को पुराने थाने में लाकर अवैध शराब बेचने में कार्रवाई करने का डर दिखाकर पैसा देने दबाव बनाया जा रहा था। शिकायत पर तत्काल तीनों पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया था।

### मामले की जांच की जा रही है

कोचिया के द्वारा दो आरक्षकों पर पैसा लेने का आरोप लगाया गया है। उसके आरोप की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-कृष्णचंद्र सिदार
मस्तूरी टीआई

### सिपाहियों पर लगातार लग रहे आरोप

ग्रामीण क्षेत्र के थानों में पदस्थ आरक्षकों पर लगातार अवैध शराब बेचने को पकड़कर लेनदेन कर छोड़ने वाले का आरोप लग रहा है। शिकायत के आधार पर एसएसपी के द्वारा सख्ती से पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद भी सिपाही बेखौफ अवैध शराब बेचने वाले कोचियों से सांठगाठ कर गांव गांव में अवैध शराब बिकवाने में संलिप्त नजर आ रहे हैं। पूर्व में सकरी थाने का एक आरक्षक अवैध शराब की तस्करी मामले में जेल गया था।

## एक दिन में चार मकानों में चोरों का धावा जेवर व अन्य सामान ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** चोरों ने एक दिन में चार मकानों में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर श्याम परिसर निवासी भुनेश्वर दुबे पिता हरदेव दुबे 13 मई को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर सास की तबियत खराब होने पर ससुराल राजिम चले गए थे। 19 मई को पड़ोस में रहने वाले उनके दोस्त रिखी ठाकुर ने उन्हें फोन में सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। वे राजीम से वापस अपने घर आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी खुली हुई थी, उसमें रखा सोने का झूमका एक जोड़ी, सोने की चेन, अंगूठी तीन नग, सोने की बिंदिया, बाली एक जोड़ी, पायल, करधन चोरी हो गई थी और रोशनदान भी टूटा हुआ था। दूसरी घटना में सीपत खम्हरिया निवासी प्रिंस खरे पिता सहदेव प्रसाद खरे 18 मई को घर के दरवाजे में ताला लगाकर कोरबा मुढहाली चले गए थे। 19 मई को वे परिवार के साथ वापस आए तो ताला टूटा मिला। आलमारी से सोने की माला, टाप्स, अंगूठी, लाकेट, नथनी, फुल्ली, चांदी की चेन, कमरबंद, बाजूबंद, चाबी छल्ला, बिछिया व नकद रकम की चोरी हो गई थी। तीसरी घटना में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कुदूदण्ड चांदनी चौक निवासी राज चंद्रा पिता मनोज चंद्रा मुंगेली नाका में मोमोज दुकान चलाते हैं। 19 मई की सुबह वे अपने अपना मोबाइल तकिए के नीचे रखकर सो गए थे। सुबह 10 बजे वे सोकर उठे तो 30 हजार का मोबाइल चोरी हो गई थी। चौथी घटना में कोतवाली थाना क्षेत्र के टिकरापारा मन्नू चौक निवासी काजल कुर्रे पति तुशेन कुर्रे 19 मई की सुबह 8 बजे रूम में सोई थी। दोपहर 12 बजे सोकर उठी तो उनका टेबलेट, मोबाइल, साउंड बाक्स चोरी हो गई थी। पुलिस चारों मामले में अपराध कायम कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# पिकनिक के दौरान मारपीट, हमलावर के साथी को देखकर सिम्स में पीड़ित पक्ष ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिकनिक के दौरान हुई मारपीट के मामले में एक हमलावर के साथी को सिम्स में देखकर पीड़ित पक्ष के युवक व नाबालिगों ने उसे घेरकर इलाज की रकम देने की मांग को लेकर जमकर हंगामा मचाया। कोतवाली पुलिस को सिम्स पहुंचकर हंगामा शांत कराना पड़ा।

कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, दो दिन पहले कतियापारा का एक युवक नाबालिग बच्चों को लेकर कलमीटार पिकनिक मनाने गया था। वहां पहले से घुटकू के कुछ बच्चे व युवक पिकनिक मनाने गए हुए थे। पिकनिक मनाने के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। जिससे घुटकू के बच्चों ने फोन अपने साथियों को बुला लिया। युवकों के द्वारा कतियापारा के नाबालिग बच्चों के साथ जमकर मारपीट की गई थी, जिससे एक बच्चे का हाथ फैक्टर हो गया है। उसका निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा था। निजी हास्पिटल में पैसा अधिक लगने से 20 मई को कतियापारा के लोग घायल नाबालिग को इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। इसी दौरान उन्हें पिकनिक के दौरान हमलावरों के साथ आया एक युवक नजर आ गया।


सिम्स चौकी में युवकों ने किया हंगामा।

कतियापारा के युवक व नाबालिगों ने उक्त युवक को घेरकर इलाज के दौरान हुई खर्चे की रकम लौटाने की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे। जिससे सिम्स में हड़कप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस सिम्स पहुंच गई। घायल नाबालिग उक्त हमलावर के साथी युवक को थाने लेकर चली गई। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को रतनपुर थाने में रिपोर्ट लिखाने की बात कहते हुए समझाइश देकर दोनों को थाने से छोड़ दिया है।

## अवैध खनिज उत्खनन करने वाले 20 वाहन जब्त



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश एवं उप संचालक खनिज के मार्गदर्शन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ खनिज विभाग ने अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाकर 2 पोकलेन मशीन, 1 जेसीबी मशीन तथा 20 वाहनों को जब्त किया है।

उप संचालक खनिज प्रशासन किशोर गोलघाटे ने बताया कि ग्राम महमंद सीपत क्षेत्र में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना वैध अभिवहन पास के रेत परिवहन करते पाए जाने पर दो हाईवा वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। इनमें से एक वाहन को जांच चौकी लावर लाया गया, जबकि दूसरे वाहन का चालक वाहन को सड़क के बीच छोड़कर चाबी लेकर फरार हो गया। वाहन मालिक को तत्काल सूचना दी गई, लेकिन उसके उपस्थित नहीं होने पर संबंधित वाहन स्वामी के खिलाफ थाना तोरवा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग ने 7 से 20 मई तक चकरभाठा, बोदरी, सकरी, बेलगहना, रतनखण्डी, करहीकछार, सलका, पोड़ी, महमंद, लालखदान, मंगला, मस्तूरी, चौरमट्टी एवं लखराम सहित विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर अवैध रेत परिवहन के 14, मुरूम के 1, चूनापत्थर के 2 तथा मिट्टी-ईंट के 3 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई के तहत 12 हाईवा, 7 ट्रेक्टर और 1 माजदा वाहन जब्त कर थाना सकरी, चकरभाठा, कोटा, सरकण्डा तथा जांच चौकी लावर में सुरक्षित रखा गया है। वहीं स्वीकृत क्षेत्र के बाहर रेत उत्खनन करते पाए जाने पर ग्राम सोढ़खुर्द एवं करहीकछार से 2 पोकलेन मशीनें तथा मुरूम के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक जेसीबी मशीन को चौरमट्टी क्षेत्र से जब्त किया गया है। विभाग के अनुसार जिले में रेत, मुरूम एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कलेक्टर की ओर से गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स टीम को भी लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### सब्जी नहीं बनाने को लेकर विवाद में की थी महिला की हत्या

**अंबिकापुर।** 19 मई की सुबह शहर के टीपी नगर कदमपारा स्थित किराए के मकान में एक महिला की अर्धनग्न लाश मिली थी। महिला की पहचान सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम केरजु निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पति जमुना चिकवा के रूप में की गई जो किराए के मकान में पति और दो बच्चों के साथ रहती थी। घटना की सुबह ही पति के काम पर कुसमी जाने की बात भी सामने आई थी। मामले में महिला के चचेरे भाई जशपुर बगीचा निवासी कैलाश राम आ. अघनू ने पुलिस महिला के हत्या की आशंका व्यक्त की गई थी जिसके बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसके साथ ही बुधवार को पुलिस ने मृतिका का पीएम कराया जिसमें इस बात की पुष्टि हुई कि महिला की के पसली की हड्डी टूटी हुई थी और फेफड़ा फट गया था जिससे अंदरूनी रक्त स्त्राव हुआ था। पुलिस ने मामले में घेराबंदी कर आरोपी केरजु चैकी के कुमनसिया निवासी 35 वर्षीय जमुआ चिकवा आ. स्व. बिलास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला शराब पीने की आदि थी और शराब पीकर खाना नहीं बनाती थी। घटना दिवस की रात भी महिला ने सब्जी नहीं बनाई थी। रात को शराब पीने के बाद दोनों के बीच इसी बात को लेकर विवाद हुआ और विवाद में उसने महिला के छाती पर चढ़कर दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी डरकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### जेल से छूटे नशेड़ी के मुंह में कपड़ा ठूंसकर हत्या

**बिलासपुर।** जेल से छूटे नशेड़ी के आतंक से त्रस्त घरवालों ने उसे रस्सी से बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके घरवालों ने पुलिस को गुमराह करने उसके मुंह में जहर डाल दिया। पीएम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस घर के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- **पुलिस को गुमराह करने मुंह में डाल दिया जहर**
- **पीएम रिपोर्ट में हत्या होने की पुष्टि, तीन हिरासत में**

कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 20 मई को बेलगहना क्षेत्र के रतखंडी निवासी गौरीशंकर पटेल पिता उमेन्द्र पटेल 23 साल की मृत्यु होने पर परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पोस्टमार्टम कराने के लिए शव का पंचनामा कर रही थी। इसी दौरान संदेह होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट की मांग की। डाक्टर ने पीएम रिपोर्ट में युवक की दम घूटने से मृत्यु होने की पुष्टि की। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और घर के तीन सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई।

## मकानों में भंडारित कर रखा गया 300 बोरी डीएपी खाद जब्त

**राजपुर।** खरीफ सीजन शुरू होने में अभी महीनों का समय है और अभी से ही माफिया व कोचिया खाद के अवैध भंडारण में व्यस्त हो गए है। कोचियों द्वारा इस खाद का उपयोग किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मोटी कमाई करने के लिए किया जाएगा। अवैध रूप से खाद भंडारित करने का ऐसा ही एक मामला क्षेत्र में सामने आया है। बुधवार को अवैध खाद भंडारण की सूचना पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के निर्देशन में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम नरसिंहपुर में निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में डीएपी खाद का अवैध भंडारण पाए जाने पर टीम ने कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान नरसिंहपुर बसंत जायसवाल, छत्रपाल



तथा कमलावती जायसवाल के मकानों में 100-100 बोरी डीएपी खाद सहित कुल 300 बोरी खाद भंडारित पाया गया। संबंधित व्यक्तियों से खाद के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में सभी ने उक्त खाद ग्राम खुखरी निवासी खाद विक्रेता संदीप जायसवाल का होना बताया। इसके पश्चात मौके पर पहुंचकर संदीप जायसवाल ने उक्त खाद अपना होना स्वीकार किया।

## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 9वीं प्रवेश परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कोरबा।** शिक्षण सत्र 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में 10 मई को प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। उक्त परीक्षा के सुचारू संचालन के पश्चात, प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विभाग द्वारा प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल उत्तर 20 मई को विभागीय वेबसाइट पर विधिवत अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थी मॉडल उत्तर का अवलोकन विभागीय वेबसाइट पर जाकर कर सकते हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यदि किसी परीक्षार्थी को जारी किए गए मॉडल उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वे इस विषय में अपना दावा-आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके लिए परीक्षार्थियों को कार्यालय कलेक्टर सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर अपना आवेदन भौतिक रूप से प्रस्तुत करना होगा। दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई है।

### फुट ओवरब्रिज की कछुआ चाल ने बढ़ाई यात्रियों की परेशानी

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन कोरबा में दूसरा फुटओवर ब्रिज बनना है। डेढ़ साल से इसका काम चल रहा है। प्लेटफार्म नंबर एक पर प्लेटफार्म के लेवल तक काम पूरा हो गया है। स्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए बीम तैयार हो गए हैं। वहीं प्लेटफार्म नंबर 2-3 यह काम साढ़े तीन माह से लगभग रुका हुआ है। प्लेटफार्म पर इसके लिए काफी दिनों तक खुदाई का काम चला। इसके बाद उसमें स्ट्रक्चर की मजबूती के लिए स्लेब का काम शुरू हुआ है, जो अब तकफ़ल्मि सूचियां और थिएटर शो का समय आगे नहीं बढ़ पाया है। इसके कारण प्लेटफार्म का एक बड़ा हिस्सा यात्रियों के लिए असुविधा का कारक बना हुआ है। लंबी दूरी की गाड़ियां इस प्लेटफार्म से अधिक चलती हैं। इसका एक हिस्सा उक्त स्थल के आगे तक रहता है। कोरबा रेलवे स्टेशन में अभी एक मात्र एफओबी है, जो गेवरा एंड को जोड़ता है। इस एफओबी के साथ समीप में लगी लिफ्ट का उपयोग यात्री करते हैं। जिन यात्रियों को उरगा एंड की ओर लगी ट्रेन की बोगी तक आना-जाना होता है, उनके प्लेटफार्म नंबर 2 पर अधिक चलना पड़ता है। लंबी दूरी की अधिकांश गाड़ियों के यहां से चलने के कारण बुजुर्ग व बीमार परिजनों के साथ यात्रा करने वाले लोगों को असुविधा होती है। दूसरा एफओबी ऐसे यात्रियों के साथ सामान्य यात्रियों को काफी राहत देने वाला होगा।

### मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने स्काउट्स गाइड्स का अभियान

**कोरबा।** मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता लाने के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा की टीम जुटी हुई है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत तारुण्य वार्ता हैशटैग पीरियड्स पर खुलकर अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा की टीम द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी ताम्रेश्वर उपाध्याय एवं जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख के मार्गदर्शन में कार्ययोजना बनाई गई है। जिला संगठन आयुक्त द्वय डीगम्बर सिंह कौशिक, उत्तरा मानिकपुरी एवं सीनियर गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य के संयुक्त नेतृत्व में रोवर्स, रेंजर्स, सीनियर स्काउट्स गाइड्स तथा अन्य लीडर्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। पहले चरण में कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों से भेंट कर उन्हें अभियान की जानकारी दी गई तथा उनका संदेश रिकार्ड किया गया। रोवर्स, रेंजर्स, सीनियर स्काउट्स गाइड्स द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के लिए पोस्टर्स, ब्रेसलेट्स तैयार किए गए हैं। छात्रों, युवाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग से पीरियड्स को लेकर खुलकर चर्चा शुरू की गई है। सोशल मीडिया पर भी कैंपेन चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य किशोरों में मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के तहत मासिक धर्म एवं लैंगिक मुद्दों से जुड़े मिथकों और झिझक को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति लड़कों और पुरुषों की समारात्मक एंव जिम्मेदार भागीदारी भी सुनिश्चित करना है।

#### बालको जोन कार्यालय में आयोजित हुआ सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर

# जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण का भगीरथ प्रयास है सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालकोनगर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते हुये निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आयोजित किये जा रहे सुशासन तिहार शिविर जन-जन को योजनाओं से जोड़ने तथा जन शिकायतों के त्वरित निराकरण का भगीरथ प्रयास है। उन्होने कहा कि शिविरों का वास्तविक लाभ लोगों को पहुंचे, उनकी समस्याएं त्वरित रूप से निराकृत हों, मांगे क्रमबद्ध रूप से पूरी की जाएं, इस दिशा में प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले एवं निगम क्षेत्र में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है तथा इसके अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में, दूसरा शिविर 11 मई को टी.पी.नगर जोन कार्यालय में, तीसरा शिविर 13 माई को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय तथा चैथा शिविर 15 मई को पं.रविशंकर नगर जोन कार्यालय में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में बुधवार को निगम के बालको जोन



हितग्राही को लाभान्वित करते अतिथि।

कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने शिविर में उपस्थिति प्रदान करते हुये पार्षदों, जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में लगाये गये, जिले के विभिन्न विभागों व नगर पालिक निगम कोरबा के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया, इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद सत्येन्द्र दुबे, बद्रीकिरण, मंगल बंदे, तरूण राठौर, चंदा देवी, रजत खुंटे आदि पार्षद व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुये सभापति श्री ठाकुर ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत निगम क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण व क्षेत्र के विकास के लिये पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहे हैं, उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा महापौर व आयुक्त की उपस्थिति में निगम के सभी जोन की जोनवार बैठक लेकर कार्यो की विस्तार से समीक्षा की गई है, बालको की पानी की समस्या को लेकर उन्होने कहा कि समीक्षा बैठक में इस पर भी गहन रूप से मंथन हुआ है तथा इस समस्या का स्थाई रूप से समाधान करने के लिये ठोस कार्यवाही हो रही है।

#### गुणवत्तापूर्ण निराकरण करायेगी सुनिश्चित

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शिविर में प्रतिवेदन रखते हुये बताया कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा क्वालिटी इंश्योर टीम का गठन किया गया है तथा उनके द्वारा यह निर्देश दिये गये हैं कि प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराया जाए, इस क्वालिटी इंश्योर टीम में शामिल सदस्य एक-एक आवेदनों की समीक्षा करेंगे तथा यह सुनिश्चित करायेंगे कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण हों। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के बालको जोन के विकास कार्यो व निगम की उपलब्धियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये आगे कहा कि बालको जोन में वर्तमान में 19 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत वाले 76 कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिनमें से 40 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं, 28 कार्य प्रगति पर हैं तथा शेष पर प्रक्रियाधीन कार्यवाही जारी है। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना फेस-1 में बालको जोनांतर्गत 127 आवासगृह स्वीकृत कराये गये थे, जिसमें 112 आवासगृहों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में 151 आवासगृह स्वीकृत कराये गये हैं, जिनमें से 3 पूर्ण कर लिये गये हैं, 41 प्रगति पर हैं तथा 106 मकानों का डिस्मेंटलीकरण का कार्य प्रगति पर है।

# पाली ब्लॉक के ग्राम नागोई में जनसमस्या निवारण शिविर


शिविर में संबोधित करते विधायक तुलेश्वर सिंह व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के अंतर्गत पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत नगोई में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पाली-तानाखार क्षेत्र के विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य श्री कौशल नेटी तथा जनपद पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र सिंह राज, सत्यनारायण पैकरा और उत्तम सिंह भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती गणेश कुमारी ने की। शिविर में शामिल नगोई, सैला, नानपुलाली, केराझरिया, जेमरा, रतखण्डी, भंडारखोल, पुलालीकला, मुढाली और ढुकुपथरा ग्राम पंचायतों के सरपंच भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण शासन की मंशा के अनुरूप एक सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हैं और योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभ प्रदान करते हैं, जिससे समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित होता है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभ प्रदान किए गए। जनपद पंचायत द्वारा 7 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए, 4 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया तथा 2 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा शाकाम्भरी योजना के अंतर्गत ग्राम नगोई के ईतवार सिंह एवं चंदन सिंह तथा ग्राम नवापारा के बंधन सिंह एवं रितु सिंह को 3 एचपी पेट्रोल पंप वितरित किए गए। सहकारिता विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए। राजस्व विभाग द्वारा 1 हितग्राही को डिजिटल किसान किताब तथा 2 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र की पर्ची प्रदान की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।

# स्कूलों में 30 जून तक पूरी करनी होगी प्रवेश प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा सत्र के शुरू होते ही स्कूलों में पढ़ाई बिना किसी देरी के तुरंत शुरू हो सके, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। अब राज्य के स्कूलों में एडमिशन के नाम

**खास बात**

- एडमिशन के नाम पर नहीं चलेगी लेटलतीफी

पर महीनों तक चलने वाली लेटलतीफी नहीं चलेगी। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वयकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हर हाल में 30 जून तक स्कूलों में छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाए।

स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी इस आदेश में स्कूल शिक्षा मंत्री के नोट का विशेष रूप से हवाला देते हुए शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से समय पर पटरी पर लाने की कवायद की गई है। विभाग का मुख्य उद्देश्य यही है कि नए शिक्षा सत्र में जैसे ही बच्चे स्कूल पहुंचें, उनकी पढ़ाई बिना किसी बाधा के तुरंत शुरू हो जाए। सरकार ने केवल आदेश जारी करने के बजाय तारीखों के साथ एक पूरा स्पष्ट कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसके तहत अब स्कूल प्रबंधन को तय समय-सीमा के भीतर अपना काम खत्म करना होगा। इस पूरे अभियान में सबसे ज्यादा संवेदनशीलता उन बच्चों के प्रति दिखाई गई है जो किसी वजह से पढ़ाई बीच में ही छोड़ देते हैं। विभाग ने अपने आदेश में साफ और कड़े शब्दों में कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी ड्रॉपआउट विद्यार्थी या ऐसा बच्चा जिसने किसी कारणवश प्रवेश नहीं लिया है, उसे ढूंढ़कर हर हाल में प्रवेश दिया जाए किसी भी स्थिति में कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए। इससे दुर्ग में पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को वापस पढ़ाई करवाया जा सकेगा।

अभिभावकों और छात्रों के लिए सबसे राहत की बात यह है कि स्कूल के संस्था प्रमुखों को 16 जून तक ही अध्यापन समय-सारिणी (यानी क्लास का टाइमटेबल) जारी करना होगा। इसके बाद जो भी छुटपुट एडमिशन बच जाएंगे, उन्हें 30 जून तक हर हाल में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि जुलाई का महीना शुरू होते ही स्कूलों में सिर्फ और सिर्फ बच्चों की पढ़ाई पर फोकस होगा। बच्चों की पढाई पर फोकस होने से उनके अंकों भी अच्छे आएंगे।

आदेश के मुताबिक, कक्षा 6वीं और प्रवीं के लिए कैचमेंट क्षेत्र (स्कूल के के व दायरे में आने वाले इलाके) का निर्धारण 20 मई तक हर हाल में कर लिया जाना चाहिए। पहली कक्षा में छोटे बच्चों के दाखिले के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों की सूची भी 20 मई तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे कक्षा 5वीं पास कर चुके हैं, उनकी सूची भी 20 मई तक कैचमेंट क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक स्कूलों के प्रधान पाठकों को सौंप दी जाएगी ताकि बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए भटकना न पड़े। इसी तर्ज पर 8वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों की सूची भी 20 मई तक संबंधित प्राचार्यों को सौंपने के सख्त निर्देश दिए हैं। 16 जून तक कक्षा पहली, छठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों की एडमिशन सूची भी बाकायदा जारी कर दी जाएगी। 1 जुलाई से सभी स्कूलों में निर्धारित टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाई शुरू हो जाएगी। शिक्षक डायरी मेंटेन करना जरूरी होगा। निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम हर हाल में पूरा करना होगा। साप्ताहिक और मासिक टेस्ट भी जरूरी होगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात फेरी एवं नुक्कड़ नाटक


नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करते छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला मुख्यालय बिलासपुर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 बजे डीआरएम ऑफिस कॉम्प्लेक्स से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक विभिन्न ग्रुपों के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर एवं रेंजर द्वारा बैनर एवं पोस्टर्स के साथ एक विशाल प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रेरणादायी नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके उपरांत प्रातः 07:30 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में महारानी लक्ष्मीबाई ग्रुप एवं वीर आजाद ग्रुप के बच्चों द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक प्रभावशाली एवं विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त जीवन एवं स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम अनुराग सिंह जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, नेहा सिंह, जिला आयुक्त गाइड तथा दिलीप कुमार स्वाईं, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मार्गदर्शन एवं जी. लोकेश राव सहायक जिला संगठन आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न ग्रुपों के यूनिट लीडर्स, स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स की विशेष भूमिका रही।

*__कोरबा।__ यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले की सड़कों...

इन अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड एवं डैश कैमरा, मोबाइल एनवीआर तथा सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिससे घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रीयल-टाइम ट्रैकिंग एवं त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा। यह सेवा 24x7 आम जनता की सुरक्षा एवं सहायता हेतु उपलब्ध रहेगी।

### घंटो प्रदर्शन...

लिया है। भू-विस्थापित नेताओं और ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 29 मई की बैठक में उनकी समस्याओं का अंतिम और संतोषजनक निराकरण नहीं हुआ तो यह शांत आंदोलन एक उग्र जन-आंदोलन में बदल जाएगा। जिले के सभी प्रभावित क्षेत्रों गेवरा दीपका कुसमुंडा बुडबुड सराईपाली और मानिकपुर के हजारों पीड़ित भू-विस्थापित एकजुट होकर जून माह में कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के निवास स्थानों का भी चरणबद्ध तरीके से घेराव किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की होगी। भू-विस्थापितों का कहना है कि वे वर्षों से अपनी जमीनों के बदले रोजगार पुनर्वास और उचित मुआवजे के लिए भटक रहे हैं लेकिन अब वे आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य हो चुके हैं। एक मेज पर बैठकर सभी समस्याओं का स्थाई निराकरण करेंगे इस ठोस आश्वासन के बाद भू-विस्थापितों ने फिलहाल अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। भू-विस्थापित नेताओं और ग्रामीणों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 29 मई की बैठक में उनकी समस्याओं का अंतिम और संतोषजनक निराकरण नहीं हुआ तो यह शांत आंदोलन एक उग्र जन-आंदोलन में बदल जाएगा। जिले के सभी प्रभावित क्षेत्रों गेवरा दीपका कुसमुंडा बुडबुड सराईपाली और मानिकपुर के हजारों पीड़ित भू-विस्थापित एकजुट होकर जून माह में कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के निवास स्थानों का भी चरणबद्ध तरीके से घेराव किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की होगी।

### योजनाओं का...

जिला स्तर पर कलेक्टर व राज्य स्तर पर सीधे मुख्यमंत्री द्वारा नियमित समीक्षा किया जा रहा है। इस हेतु ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी लेने एवं उनका लाभ उठाने का आग्रह किया। करतला जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अशोका विश्राम कंवर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाएँ जनता तक आसानी से पहुँच सकें, इसी उद्देश्य से प्रत्येक क्षेत्र में शिविर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार शिविरों में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई कर लाभार्थियों को संतुष्ट किया जाए। इस दौरान शिविर में कई विभागों से हितग्राहियों को अतिथियों के द्वारा सामग्रियों एवं प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

# संविलियन पूर्व सेवा को शून्य मानना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना एवं पुरानी पेंशन योजना का लाभ प्रदान किए जाने की मांग को लेकर कोरबा जिले के 1998 एवं 2004 के पूर्व से कार्यरत शिक्षकों की महत्वपूर्ण मंथन बैठक 18 मई को छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कार्यालय अंधरीकछार में आयोजित हुई।

याचिकाकर्ता एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल ने कहा कि पेंशन कोई खैरात नहीं बल्कि कर्मचारियों का संवैधानिक एवं वैधानिक अधिकार है। संविलियन से पूर्व दी गई सेवाओं को शून्य मानना नैसर्गिक न्याय एवं सेवा निरंतरता के सिद्धांत के विपरीत है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 23 जनवरी 2026 को महत्वपूर्ण निर्णय पारित किया था। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि पेंशन एक कल्याणकारी व्यवस्था है तथा संविलियन पूर्व की सेवाओं को शून्य नहीं माना जा सकता। न्यायालय ने शासन को सेवा की निरंतरता एवं प्रशासनिक नियंत्रण के आधार पर न्यायसंगत नीति निर्मित करने के निर्देश दिए थे। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने निर्णय लिया कि न्यायालय के आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना तथा पुरानी पेंशन योजना के लाभ हेतु चरणबद्ध रणनीति के साथ व्यापक अभियान चलाया जाएगा।




न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनुमान सिंह कंवर पिता त्रिभुवन सिंह जाति कंवर निवासी ग्राम खैरभवना तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोनपुरी तहसील दीपका में स्थित पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 555/4, कुल रकबा 0.874 हे. भूमि है उक्त भूमि को एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना के द्वारा अर्जन कर लिया गया है। खातेदार शिवनाथ सिंह की मृत्यु 03/05/2026 को हो गया है उक्त भूमि फौती नामांतरण करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 03/06/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202605050400010
अ-21 (2)/2025-26
ग्राम कटघोरा, प.ह.नं. 10 तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती विमला देवी गोयल पति बजरंग गोयल, जाति-अग्रवाल (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कटघोरा प.ह.नं. 10 स्थित भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ख.नं. 276/4 रकबा 0.032 हे. भूमि को अपने पुत्रगण दानग्राहिता (1) संजय गोयल उम्र 53 वर्ष, एवं (2) राकेश गोयल, उम्र 51 वर्ष, पिसरान श्री बजरंग गोयल, निवासी ग्राम कटघोरा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) के पास छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) के तहत बिना किसी प्रतिफल के दान पत्रक के माध्यम से अंतरण करने की अनुमति बाबत आवेदन पत्र माननीय न्यायालय कलेक्टर कोरबा के न्यायालय में प्रस्तुत करने पर मूल प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय कटघोरा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिस पर कार्यवाही प्रकियाधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा /आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 08/06/2026 को कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि एवं समय के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

तहसीलदार
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

**-: ईश्तहार :-**

रा.प्र.क्र. 202605050400014
अ-32/2025-26
ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12 तहसील-कटघोरा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विजय कुमार पिता रामलाल व अन्य 04, निवासी ग्राम छुरीकला, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम छुरीकला, प.ह.नं. 12, तहसील-कटघोरा, स्थित शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि ख.नं. 1004/7 रकबा 0.797 हे. भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा के रा.प्र.क्र. 65/अ-19/1965-66 आदेश दिनांक 15.01.1965 द्वारा शासकीय पट्टे के अंतर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया गया था, जिसे आवेदन पत्र वास्ते, छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 (क्र. 20 सन 1959) की धारा 158 की उपधारा 04 के अंतर्गत भूमि प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज, प्रारूप-बी, शपथ पत्र, बी-1 खसरा सहित कलेक्टर महोदय कोरबा के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महोदय कटघोरा के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जिस पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक. 08/06/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।जारी किया गया।

आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान : कटघोरा

तहसीलदार
कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनुमान सिंह कंवर पिता त्रिभुवन सिह, जाति कंवर, साकिन खैरभवना तहसील दीपका, जिला कोरबा के द्वारा ग्राम खैरभवना में खातेदार शिवनाथ सिंह पिता अंजोर सिंह, लच्छन कुवंर पति अंजोर सिंह के नाम पर शामिलात खाते की हक स्वामी भूमि ख.नं. 15/2, 90/1, 208/1, 215/2, 251/2, 288/1, 314/3 शा. 316/3, 363/1, 438/1, 526/3, 527/3, 682/1, 718/2, 825/1 रकबा क्रमशः 0.0740, 0.1580, 0.2300, 0.1640, 0.0450, 0.0080, 0.1600, 0.0250, 0.2140, 0.0040, 0.0280, 0.2920, 0.0160, 0.0040 कुल ख.नं. 14 कुल रकबा 1.4220 हे. भूमि है। उक्त भूमि एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर ली गई है। शिवनाथ सिंह पिता अंजोर सिंह एवं लच्छन कुवंर पति अंजोर सिंह की मृत्यु क्रमशः दिनांक 05.03.2026 एवं 31.01. 2022 को हो गया है जिसका फौत दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने बनाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 03/06/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)



## खबर संक्षेप



### विप्र महिलाओं ने गौ मौता को खिलाया चारा व गुड़

**कोरबा।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ जिला कोरबा इकाई की नवगठित कार्यकारिणी द्वारा संस्था की सामाजिक सरोकार गतिविधियों के अंतर्गत गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत भवानी मंदिर कोरबा परिसर के समीप स्थित गौशाला जाकर संस्था की विप्र भगिनियों द्वारा गौ माताओं की पूजा अर्चना कर उन्हें हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया तथा गौशाला प्रबंधन हेतु नगद राशि का दान भी किया गया। समाज की बहनों द्वारा अपने पर्यावरण, संस्कृति एवं गौ माता के संरक्षण एवं सेवा करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रांतीय पदाधिकारी कामायनी दुबे, ऊषा पांडे, भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्रबाला शुक्ला सहित जिला इकाई की वर्तमान पदाधिकारी ज्योत्सना दांडेकर, उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा, मौसमी तिवारी, ममता तिवारी, स्मिता शर्मा, विनीता तिवारी आदि समाज की बहनें उपस्थित रहीं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एटीसी कैंप का समापन




**कोरबा।** जिले में 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में आयोजित एटीसी 124 कैम्प का सोमवार को समापन हुआ। अंतिम दिन भव्य रंगारंग समापन समारोह का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधायां आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, यातायात एएसआई मनोज राठौर, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य राजकुमार देवांगन शामिल हुए। जहां कई दिनों तक चले इस कैंप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। बताया जाता है एनसीसी कैडेट्स को स्पोर्ट्स ड्रिल, फायरिंग समेत अन्य साहसिक गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कैंप को सफल बनाने में एएनओ, सीटीओ पीआई ऑफस स्टॉप समेत सभी का सहयोग रहा। कैंप के अंतिम में समापन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पुरस्कृत किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। पुरस्कारों व प्रमाण पत्रों का वितरण एडम करनाल अमित यादव और 1 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के ग्रुप कमांडर एस सैंथिल कुमार द्वारा किया गया। एनसीसी कैंप में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 900 से अधिक कैडेट्स शामिल हुए थे।

### साहू बने छत्तीसगढ़ बास्केटबॉल टीम के कोच



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पुरुष बास्केटबाल टीम का कोच हिरबाश साहू को नियुक्त किया गया है। कोरबा निवासी श्री साहू 76वीं जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में टीम का नेतृत्व एवं मार्गदर्शन करेंगे। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 22 से 29 मई तक आयोजित की जाएगी। श्री साहू के नेतृत्व में टीम 19 मई 2026 को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गई है। हिरबाश साहू लंबे समय से बास्केटबॉल खेल एवं खिलाड़ियों के प्रशिक्षण से जुड़े हुए हैं और उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ियों ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी इस नियुक्ति से कोरबा सहित पूरे प्रदेश के खेल प्रेमियों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

### अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

**कोरबा।** 49 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी महेत्तर सिंह उम्र 49 वर्ष पिता अमर सिंह ने अपने घर में फांसी लगा ली। जब परिजनों को उसकी भनक लगी तो महेत्तर सिंह को फंदे से नीचे उतरकर आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश के कारण महिलाओं और बच्चों की पिटाई

**कोरबा।** सीतामढ़ी में रहने वाले एक परिवार के घर में घुसकर कुछ लोगों ने महिलाओं व बच्चों के साथ मारपीट की है। घटना के बाद पीड़ित परिवार कोतवाली थाना और एसपी ऑफिस पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही थी।

# दर्री जोन के साडा कालोनी में 3.5 एमबीए का लगा पावर ट्रांसफार्मर, आज होगा चार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तापमान लगभग 43 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में लगातार बढ़ते तापमान की वजह से सड़कों पर कर्फ्यू जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। लोग इस भीषण गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर दोपहर के समय घरों पर ही दुबके नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि लगातार कूलर-पंखा, एसी जैसे उपकरण चलने की वजह से शहरी क्षेत्र में बिजली का लोड बढ़ते ही जा रहा है। ऐसे समय में लोड मैनेज करने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा अतिरिक्त स्थान देखकर ट्रांसफार्मर के साथ-साथ पावर ट्रांसफार्मर लगाकर उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि दर्री जॉन के अंतर्गत आने वाली साडा कॉलोनी सहित आसपास के इलाके में लोड बढ़ने की वजह से लो वोल्टेज की समस्या सामने आ रही थी और इस सब स्टेशन में एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की डिमांड आ रही थी। लो वोल्टेज की समस्या को देखते हुए शहरी क्षेत्र के डीई राजेश चौहान ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने वरिष्ठ अफसरों को इससे अवगत कराया। जहां से स्वीकृति मिलते ही बुधवार को दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले साडा कॉलोनी स्थित सब स्टेशन में 3.5 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। हालांकि देर शाम होने की वजह से पावर ट्रांसफार्मर चार्ज नहीं हो पाया है। विभाग के अधिकरियों की माने तो इस पावर ट्रांसफार्मर को गुरुवार को चार्ज किया जाएगा। जिसके बाद क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न नहीं होगी और इस क्षेत्र में रहने वाले लगभग 3000 से अधिक उपभोक्ताओं को इस भीषण गर्मी में बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। विद्युत विभाग लगातार शहरी क्षेत्र में बढ़ती बिजली की डिमांड को देखते हुए लोड मैनेज करने के लिए लगातार अलग-अलग स्थान पर पावर ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा पर पहल कर रहा है पिछले दिनों पाड़ीमार जोन के अंतर्गत आने वाले शिवाजी नगर सब स्टेशन का भी एक पावर ट्रांसफार्मर भ्रष्ट हो गया था जिसकी वजह से इस इलाके में भी लोड मैनेज नहीं हो रहा था, साथ ही लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के अफसर ने भी तत्काल भ्रष्ट हुए पावर ट्रांसफार्मर को बदल कर शिवाजीनगर सब स्टेशन में 5 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगा कर चार्ज कर दिया गया है।

## विद्युत आपूर्ति की गई बहाल

**खास बातें**

- पाड़ीमार जोन के शिवाजीनगर सब स्टेशन में लगाया गया 5 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर



**लगाये गए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर**

जिले में लोड बढ़ो की वजह से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। दर्री जोन के साडा ।लोनी में 3.5 एमबीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिसे गुरुवार को चार्ज किया जाएगा। जबकि शिवाजी नगर सब स्टेशन में भ्रष्ट हुए पावर ट्रांसफार्मर को भी बदल कर उसके स्थान पर 5 एमबीए का पावर ट्रासफार्मर लगाकर चार्ज कर दिया गया है। जिससे आपूर्ति की जा रही है।

-राजेश चौहान, डीई, विद्युत वितरण विभाग शहर

## लोड बढ़ने पर आ रही है ट्रिपिंग

पिछले तीन-चार दिनों से जिले में सूर्य की तपिश 43 डिग्री के पार पहुंच गई है। लगातार बढ़ती गर्मी की वजह से घरों, दुकानों, सार्वजनिक उपक्रम सहित सभी स्थानों पर लगातार विद्युत उपकरण एसी, पंखा, कूलर सहित अन्य संसाधनों का इस्तेमाल हो रहा है। जिसके चलते लगातार लोड बढ़ते ही जा रहा है। खास तौर पर रात के समय सबसे ज्यादा लोड बढ़ो की शिकायत आ रही है, जिसकी वजह से अत्यधिक लोड होते ही ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। हालांकि विभाग के अफसर लगातार अपने-अपने सब स्टेशनों का निरंतर निरीक्षण कर पल-पल की रिपोर्टिंग ले रहे हैं ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो।

## ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट के नेतृत्व में किया गया था बंद का आह्वान

# ई-फार्मेसी के विरोध में बंद रहीं दवा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऑनलाइन फॉर्मेसी और बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दवाओं पर दिए जा रहे भारी छूट के विरोध में देशभर के दवा विक्रेताओं ने 20 मई को भारत बंद का आह्वान किया है। जिसे देखते हुए जिले में भी दवा विक्रेता अपनी दुकानें बंद रखी। हालांकि दवा विक्रेताओं ने लोगों से पहले ही अपील की थी कि वे 20 मई से पहले अपनी जरुरी दवाएं खरीद लें जिससे बंद के दौरान इमरजेंसी में मरीजों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के नेतृत्व में जिले के दवा दुकानों सहित लगभग 12 लाख 40 हजार से अधिक केमिस्ट इस आंदोलन में शामिल रहे। बंद के समर्थन में जिले के शहरी सहित उपनगरीय क्षेत्रों में भी दवा दुकानों पर ताला लटका रहा। दवा विक्रेताओं ने आरोप लगाया है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बिना सख्त नियमों के दवाओं की बिक्री की जा रही है, जिससे न केवल छोटे केमिस्टों का व्यापार प्रभावित हो रहा है बल्कि मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि कई ई-फॉर्मेसी प्लेटफॉर्म्स पर बिना डॉक्टर की वैध पर्चों के दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग कर दवाएं मंगाई जा रही हैं। इसके अलावा फर्जी पर्चों के माध्यम से नशीली दवाएं और भारी एंटीबायोटिक्स भी आसानी से लोगों तक पहुंच रही हैं। संगठन का दावा है कि इन दवाओं का दुरुपयोग नाबालिगों और नशे के आदी लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। दवा विक्रेताओं का कहना है कि बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियां ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अत्यधिक छूट देकर बाजार में असंतुलन पैदा कर रही हैं। इससे मोहल्लों, गांवों और छोटे शहरों में संचालित मेडिकल स्टोर्स का व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है और कई दुकानदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। संगठन के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान दवा बिक्री से जुड़े कुछ नियमों में अस्थायी राहत दी गई थी ताकि लोगों को घर बैठे दवाएं मिल सकें लेकिन महामारी समाप्त होने के बाद भी उन्हीं प्रावधानों का उपयोग कर ई-फॉर्मेसी कंपनियां कारोबार कर रही हैं। दवा विक्रेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की है कि कोरोना काल में जारी अस्थायी नियम जीएसआर 220(ई) को तत्काल निरस्त किया जाए। साथ ही ऑनलाइन फॉर्मेसी को राहत देने वाली अधिसूचना जीएसआर 817 (ई) को वापस लिया जाए तथा बड़ी कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट पर नियंत्रण लगाया जाए।




विरोध स्वरूप बंद मेडिकल स्टोर।

## इन दुकानों में मिल रही थी दवाईयां

बंद की स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों को 20 मई को निश्चितरूप खोले रखने का निर्देश जारी किया गया था जिससे आमजनों को दवाईयां मिलने में दिक्कत ना आए। जिले में कुछ प्राइवेट खुदरा विक्रेता जैसे कि रेडक्रॉस एवं श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स बंद में शामिल नहीं रहे। उक्त बंद के दौरान जिला अस्पताल परिसर एवं पुराना बस स्टैंड स्थित रेड क्रॉस संचालित मेडिकल स्टोर्स, पाली, करतला ब्लाक के बरपाली, करतला , कटघोरा, पोडी उपरोडा, कोसाबाडी, निहारिका घंटाघर काम्पलेक्स, सीतामढी रोड स्थित भारतीय जन औषधि केन्द्र तथा पुराना बस स्टैंड, कोसाबाडी, निहारिका, दीपका एवं कटघोरा स्थित श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स सामान्य दिनों की तरह खुले रहे।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया धरना, प्रदर्शन




प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ बालको के परसाभांठा चौक में धरना-प्रदर्शन एवं जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर एवं तख्तियां लेकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध हल्ला बोला।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री, दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित सोना-चांदी के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से आम जनता, मध्यम वर्ग एवं गरीब परिवारों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ईरान-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद से ही वैश्विक स्तर पर ईंधन संकट की आशंका स्पष्ट थी, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार देशहित में कोई ठोस रणनीति बनाने में विफल रही, जिसका खामियाजा आज देश की जनता भुगत रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई का प्रतीकात्मक जनाजा निकालकर परसाभाठा चौक में विरोध दर्ज कराया। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी की कमर टूट चुकी है तथा गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन होता जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 17 से 20 मई तक पूरे प्रदेश में महंगाई के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच पहुंचकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। धरना-प्रदर्शन में जयसिंह अग्रवाल के साथ कोरबा जिला कांग्रेस अद्धयक्ष (शहर) मुकेश कुमार राठौर, जिला कांग्रेस अद्धयक्ष (ग्रामीण) मनोज चौहान, पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष नत्थूलाल यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, बालको नगर ब्लाक अद्धयक्ष ए.डी.जोशी, राजेंद्र तिवारी, पालुराम साहू, बसंत चंद्रा, पूर्व ब्लाक अद्धयक्ष दुष्यंत शर्मा, पार्षद कृपाराम साहू, बद्रीकिरण, नारायण लाल कुर्रे, रवि सिंह चंदेल, मंडल अध्यक्ष, देवीदयाल सोनी, रोपा तिर्की, बुधेश्वर चौहान, पंचराम आदित्य, महेंद्र थवाईत, मुन्ना खान, श्रीकांत मांझी, पुष्पा पात्रे, मुश्लिम खान, शमसुद्दीन, देवकीनंदन सिंह सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में तत्काल राहत देने तथा आम जनता को महंगाई से राहत पहुंचाने की मांग की।

# जल जीवन मिशन, फर्जी ग्राम सभा कर पंचायत को कर दिया हैंडओवर





क्षेत्र में बनाई गई टंकी, घर में दिया गया नल कनेक्शन का टूटा प्लेटफार्म।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में जल जीवन मिशन के कार्यों में किस तरह की गड़बड़ी की गई इसका उदाहरण ग्राम पंचायत घरीपखना और घुंचापुर में सामने आया है। जहां पानी की सप्लाई आज तक शुरु नहीं हो सकी है और काम को फर्जी ग्रामसभा के आधार पर पंचायत को हैंडओवर बताकर कार्य का पूरा भुगतान भी ठेकेदार ने विभाग से प्राप्त कर लिया है। आश्चर्य की बात है कि ग्राम पंचायत को हैंडओवर हुआ या नहीं इस मामले में जनपद सीईओ सहित पीएचई के ईई अनभिज्ञ बने हुए हैं।

अक्टूबर 2025 में पीएचई विभाग और संबंधित ठेकेदार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत में हैंडओवर प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी, लेकिन महीनों बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। गांव के लोग आज भी पानी की मूलभूत सुविधा से जूझ रहे हैं। घुचापुर गांव में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई, तो आखिर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की रिपोर्ट कैसे तैयार हो गई? ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को जानबूझकर कागजों में पूरा दिखाकर भुगतान निकालने का रास्ता साफ किया गया। बताया जा रहा है कि पंचायत को हैंडओवर के बाद ठेकेदारों को विभाग की ओर से भारी भुगतान जारी किया जाता है, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका और गहरी हो गई है। मामला सिर्फ जल सप्लाई तक सीमित नहीं है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि योजना के तहत बनाए गए कई प्लेटफॉर्म कुछ ही समय में टूटने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि काम सही तरीके से हुआ होता, तो कम से कम बुनियादी ढांचा मजबूत दिखाई देता। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि घुचापुर अकेला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई गांव हैं जहां 10 प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हुआ, लेकिन 80 प्रतिशत तक भुगतान कर दिया गया। यदि इन दावों में सच्चाई है, तो यह सिर्फ एक गांव का मामला नहीं बल्कि जल जीवन मिशन में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितता और प्रशासनिक लापरवाही का संकेत हो सकता है।

## सरपंच ने कहा नहीं हुआ हैंडओवर

इस पूरे मामले में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब ग्राम पंचायत के सरपंच ने आधिकारिक हैंडओवर होने से इनकार किया। सरपंच का कहना है कि पंचायत स्तर पर विधिवत प्रक्रिया नहीं हुई। ऐसे में सवाल और गंभीर हो जाता है कि अगर पंचायत ने अधिकारिक रूप से जिम्मेदारी नहीं ली, तो रिकॉर्ड में हैंडओवर कैसे दर्ज हो गया?

**लेनी होगी जानकारी**

घुंचापुर व घरीपखना में जल जीवन मिशन के काम ग्राम पंचायत को हैंडओवर किए गए हैं या नहीं वह सूची देखकर ही बता सकेंगे। जिले में 119 ग्राम पंचायतों में जलजीवन मिशन का काम पूरा कर हेंडओवर कर दिया गया है।

-रमन उरांव
कार्यपालन अभियंता पीएचई

**जनपद को नहीं देते**

जल जीवन मिशन के तहत कितनी पंचायतों को काम पूरा होने के बाद हैंडओवर कर दिया गया है इसकी रिपोर्ट जनपद पंचायतों को नहीं दी जाती। सीधे पीएचई विभाग को ही दी जाती है।

-जयप्रकाश डडसेना
सीईओ जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा

### करंट के चपेट में आया युवक झुलसा

**कोरबा।** एक 21 वर्षीय युवक निर्माणधीन मकान में काम कर रहा था। इसी दौरान घर के करीब से गुजरे 11 केवी तार के संपर्क में आ जाने से वह बुरी तरह से झुलस गया है। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आरामशीन बस्ती में एक मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां अजय चौहान नामक युवक अपने साथियों के साथ कार्य कर रहा था, कि इसी दौरान घर के करीब से गुजरे 11 केवी तार के संपर्क में आ गया और सीधे ऊपर से नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों व अन्य मजदूरों की सहायता से अजय चौहान को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसान

# जिले में कृषकों के लिए उर्वरक का वितरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के किसानों द्वारा खरीफ की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिले में इस वर्ष उर्वरक वितरण हेतु 18480 मे.टन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, तथा वर्तमान में 7504 मे.टन उर्वरक का भंडारण कर दिया गया है। जिले में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध कराने हेतु 19 नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया हैं जिससे जिले में 60 सहकारी समितियों के होने से कृषकों को खाद उठाव में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है।

उप संचालक डी.पी.एस. कंवर के द्वारा सभी उर्वरक विक्रेताओं को खरीफ वर्ष 2026 में सभी वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने एवं कृषकों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में विगत दिनों सभी निजी उर्वरक विक्रेताओं की बैठक आयोजित कर नियमानुसार उर्वरक का व्यवसाय करने हेतु निर्देश दिया गया है। विभाग द्वारा अनुदानित उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके, एमओपी, एसएसपी के साथ किसी अन्य सामग्री की टैगिंग प्रतिबंधित की गई है। जिला में निगरानी समिति का गठन कर उर्वरकों की बिक्री पर कड़ी नजर रखते हुये उर्वरकों के अवैध भंडारण, जमाखोरी, कालाबाजारी, अधिक दर आदि के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है। वैकल्पिक उर्वरकों, नैनो यूरिया एवं डीएपी के साथ-साथ हरी खाद व जैव उर्वरक जैसे नील हरित काई, एजोस्पिरिलियम, पीएसबी इत्यादि केउपयोग को बढ़ावा देने हेतु कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। समितियों हरी खाद के बीज (ढेंचा) का भंडारण प्रारंभ कर दिया गया है। कृषकों से नील हरित काई का उत्पादन कराया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की अनुशंसा अनुसार उर्वरक उपयोग संबंधी पोस्टर एवं पाम्पलेट वितरित किए जा रहे हैं। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक मिश्रित उर्वरकों का उपयोग करें। जिससे यूरिया की खपत कम होगी।



सोसायटी से खाद का उठाव करते किसान।

